ओ मेरे श्याम बिहारी तेरा जब से बना पुजारी भजन लिरिक्स

ओ मेरे श्याम बिहारी,
तेरा जब से बना पुजारी,
मैं निहाल हो गया,
मालामाल हो गया।bd।

क्या कहना है तेरा,
मेरे बाबा खाटू वाले,
संकट बड़े बड़े सभी,
तूने तो पल में टाले,
तू देव है सबसे न्यारा,
बना जब से दास तुम्हारा,
मैं निहाल हो गया,
मालामाल हो गया।bd।

तेरा वंदन तेरा सुमिरण,
करता हूँ सच्चे मन से,
खाटू जाता हूँ बाबा,
मैं तो नित्य नियम से,
तेरा निशदिन ध्यान लगा के,
बाबा तेरी महिमा गा के,
मैं निहाल हो गया,
मालामाल हो गया।bd।

कहे 'सोनू' तूने तो मेरी,
किस्मत ही बदल डाली,
सारे जमाने की खुशी,
झोली में मेरी डाली,
है अद्भुत तेरी माया,
तेरा जबसे साथ है पाया,
मैं निहाल हो गया,
मालामाल हो गया।bd।

ओ मेरे श्याम बिहारी,
तेरा जब से बना पुजारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं निहाल हो गया,
मालामाल हो गया।bd।

Singer – Navin Joshi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com